हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
बुधवार, 20 नवंबर 2019, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

PAGE NO.6:RIGHT MIDDLE

एसआरएमएस में फिजियोथेरेपी पर हुई कार्यशाला

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एवं पैरामेडिकल सांइसेंज के फिजियोथेरीपी विभाग की तरफ से मंगलवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ आनन्द कुमार ने एसआरएमएस में फिजियोथेरेपी की अत्याधुनिक मशीन के बारे में लोगों को बताया।

अत्याधुनिक उपकरणों का अनावरण मुख्य अतिथि और संस्थान के प्रशासनिक निदेशक आदित्य मूर्ति ने किया। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक फिजियोथेरीपी एवं रिहैबिलिटेशन के उपकरणों से बरेली और आसपास के जिलों के मरीजों को काफी सहूलियत होगी। इस मौके पर संस्थान के फिजियोथेरीपी विभाग के कोआर्डिनेटर डॉ आशीष चौहान, डॉ. नवीला खानम, डॉ. मेघा सक्सेना, डॉ. हिना मौजूद रहीं।